राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–275/2023

राज्यपाल ने चतुर्थ कृषि रोड मैप के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया

पटना, 18 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा बापू सभागार, पटना में चतुर्थ कृषि रोड मैप, बिहार, 2023–2028 के शुभारम्भ के अवसर पर कहा कि किसानों को कृषि संबंधी सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से अवगत होना चाहिए तथा इनका लाभ उन्हें मिलना चाहिए।

राज्यपाल ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि इसे इस कृषि रोड मैप का अंग बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती में कम लागत में अधिक उत्पादन होता है। इससे किसानों की आय को दुगुनी करने में मदद मिलेगी। इस खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने के साथ–साथ उनका उचित मार्गदर्शन किया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों को खेती की नई तकनीक अपनाने को कहा।

राज्यपाल ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और बिहार भी इससे अलग नहीं है। बिहार के काफी लोग कृषि से जुड़े हुए हैं।

इससे पूर्व माननीय राष्ट्रपति ने चतुर्थ कृषि रोड मैप, बिहार, 2023–2028 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को माननीय राष्ट्रपति, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय उप मुख्यमंत्री ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में माननीय विधान सभाध्यक्ष श्री अवध बिहारी चौधरी, विभिन्न मंत्रीगण, जन–प्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण एवं बिहार के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसान तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....